JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

GYMD4PX

SDV

संकलित परीक्षा - II (2016-17)

हिन्दी 'ब'

कक्षा - IX

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड क ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)** 10

महान प्रकृति विज्ञानी चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन को प्रजातियों के विकास की नयी अवधारणाओं के जनक के रूप में जानां जाता है। वे आधुनिक विज्ञान के भी जनक हैं। सबसे पहले उन्होंने ही ये सिद्धांत दिया था कि प्रजातियों का उद्भव विकासात्मक परिवर्तनों के कारण हुआ और यह वैज्ञानिक थ्योरी भी सबसे पहले उहोंने ही दी थी कि प्राकृतिक चयन वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से इस तरह के परिवर्तन होते हैं। उन्होंने चिकित्सा शास्त्र, भूविज्ञान, जीव विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञान, आदि विषयों का गहरा अध्ययन किया और कई नयी अंवधारणाएँ दीं। उन्होंने अपनी खोजों के लिए लम्बी लम्बी यात्राएँ कीं और शोध किये। बीगल जहाज पर उन्होंने पाँच वर्ष की लम्बी यात्राएँ कीं और इन यात्राओं के अनुभवों को विभिन्न खोजों और प्रयोगों के रूप में वे सामने लाते रहे। 1859 में लिखी अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक **'ओरिजिन ऑफ स्पेशीज'** से जहाँ एक ओर उन्हें मानव विकास की अपनी नयी अवधारणाओं से विश्व प्रसिद्धि मिली और वे महानतम वैज्ञानिकों की श्रेणी में गिने जाने लगे, वहीं दूसरी ओर, उन्हें अपने नये और धार्मिक विचारों के कारण चर्च की नाराजगी भी झेलनी पड़ी। रूढ़िगत समाज को डार्विन साहब के मानव विकास के सिद्धांत मान्य नहीं थे। चर्च को लगता था कि डार्विन की थ्योरी मानव और पशुओं के बीच के महत्वपूर्ण फर्क को ही खत्म कर देगी, लेकिन डार्विन अपनी खोजों में लगे रहे और हर बार नये शोध पत्रों, पुस्तकों और आलेखों के माध्यम से अपनी बात कहते रहे।

(क) चार्ल्स डार्विन कौन थे ? उन्हें आधुनिक विज्ञान का जनक क्यों माना जाता है ?

(ख) चार्ल्स डार्विन ने किन विषयों का गहन अध्ययन किया ?

(ग) लम्बी-लम्बी यात्राओं के पीछे चार्ल्स डार्विन का क्या उद्देश्य था ?

(घ) चार्ल्स डार्विन की प्रमुख पुस्तक कौन सी थी और वह कब प्रकाशित हुई ?

(ङ) डार्विन पर चर्च की नाराजगी का क्या कारण था ?



Download from: http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

(मुक्त पाठ)

(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है(

विषय : समावेशी शिक्षा एक चुनौती( 5+5)

2a शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम के अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए क्या व्यवस्था की गई? 5

2b शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम के अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए क्या व्यवस्था की गई है? 5

## खण्ड-ख( व्यावहारिक व्याकरण )

3 (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण - विच्छेद कीजिए : 5

(1) गद्य (2) प्रसिद्ध

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए , जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है:

अगारे, चाद

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए:

हसमुख, हस

(घ) निम्नलिखित शब्दमें उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए:

इज्जत

4 (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए: 4

1. मध्य + अंतर 2. तारा+ अवली

(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए:

1. प्रत्येक 2. शंकराचार्य

5 (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए : 6

(1) परिश्रम (2) बदचलन

(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग करके लिखिए :

मार्मिक

(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए :

(1) क्या तुम रामप्रकाश से मिले थे

(2) लेखक के घर आर्य मित्र आर्य जगत और सरस्वती पत्रिकाएँ आती थीं

(3) मैं एम बी ए करना चाहता हूँ

## खण्ड ग ( पाठ्य-पुस्तक )

**पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )**

6(i) धन की मार से बुद्धि की मार अधिक घातक क्यों है ? 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। 2

(ii) सूखे कीचड़ की शोभा कब बढ़ जाती है ? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार परलिखिए। 2

(iii) हमारे देश में लोगों को कैसे लड़ाया-भिड़ाया जाता है ? 'धर्म की आड़' पाठ के आधार परलिखिए। 1

7 रामन ने ठोस रवों और तरल पदार्थों के अध्ययन द्वारा क्या निष्कर्ष निकाला था? 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

Page 2 of 4

8 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)** 5

साहित्यिक पुस्तकों की तरह ही महादेव वर्तमान राजनीतिक प्रवाहों और घटनाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी वाली पुस्तकें भी पढ़ते रहते थे। हिंदुस्तान से संबंधित देश-विदेश की ताज़ी-से-ताज़ी राजनीतिक गतिविधियों और चर्चाओं की नयी-से-नयी जानकारी उनके पास मिल सकती थी। सभाओं में, कमेटियों की बैठकों में या दौड़ती रेलगाड़ियों के डिब्बों में ऊपर की बर्थ पर बैठकर, ठूँस-ठूँसकर भरे अपने बड़े-बड़े झोलों में रखे ताज़े-से-ताज़े समाचार-पत्र, मासिक-पत्र और पुस्तकें वे पढ़ते रहते, अथवा 'यंग इंडिया' और 'नवजीवन' के लिए लेख लिखते रहते।

प्रश्न

(क) साहित्यिक पुस्तकों के अतिरिक्त महादेव भाई कौन-सी किताबें पढ़ते थे ?

(ख) उनसे कौन-कौन सी जानकारियाँ मिल सकती थी ?

(ग) महादेव किन पत्रिकाओं के लिए लेख लिखते रहे?

**पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)**

9(i) सहसा सुखिया के पिता को क्या सुनाई दिया ? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर लिखिए। 2

(ii) 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर लिखिए सुखिया के पिता का दिल क्यों काँप उठता था ? 2

(iii) 'जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ' पंक्ति में किन लोगों के हाथों का वर्णन है ? 1

10 'अग्निपथ' कविता में कवि ने मनुष्य को कौन-सा शपथ लेने को प्रेरित किया है और क्यों ? लिखिए। 5

11 हामिद खाँ लेखक की बातों को स्वयं परखना एवं देखना क्यों चाहता था ? आप हामिद खाँ के व्यक्तित्व की कौन सी बातें अपनाने योग्य समझते हैं? 5

## खण्ड घ ( लेखन )

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80 से 100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

12 जागो ग्राहक 5

उपभोक्ताओं में जागरूकता

क्यों आवश्यक?

अधिकारों की जानकारी

**अथवा**

**राजनीति और महिलाएँ** 5

- परिचय
- राजनीति में महिलाओं का बढ़ता प्रभाव
- लाभ - हानि

**अथवा**

**बहुत कठिन है इंसान बनना** 5

- इंसान से तात्पर्य
- कठिन क्यों?
- क्या करें?

13 इंटरनेट के दुष्प्रभाव और उनसे बचने के उपाय बताते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए। 5



Download from: http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

14 दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 20-30 शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए। 5



15 कामपर देरी से पहुँचने वाले कर्मचारी और उसके अधिकारी की बातचीत को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

16 आपके चाचाजी ने एक 'आइसक्रीम फैक्ट्री' लगाई है, उसके प्रचार के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

-o0o0o0o-

JSUNIL TUTORIAL



Download from: http://jsuniltutorial.weebly.com/ 